जल का उपयोग

*525. **श्री ईश दत्त यादव:**
श्री कनकसिंह मोहनसिंह मंगरोला:

क्या जल संसाधन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि घटिया जल प्रबन्ध के कारण देश में केवल 10 प्रतिशत जल का ही उपयोग किया जा रहा है;

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है;

(ग) सरकार ने जल प्रबन्ध में परिवर्तन करके जल के समुचित उपयोग हेतु क्या प्रयास किये हैं; और

(घ) 31 मार्च, 1995 तक इन प्रयासों में कितनी सफलता मिली है?

जल संसाधन एवं संसदीय कार्य मंत्री (श्री विद्याचरण शुक्ल): (क) और (ख) देश में लगभग 4000 घन कि० मी० वार्षिक वृष्टिपात होता है जिसमें हिमपात भी शामिल है। इसमें से नदियों में उपलब्ध औसत वार्षिक प्रवाह लगभग 1869 घन कि० मी० है। जल की उपयोज्य मात्रा 1142 घन कि० मी० आंकी गई है जिसमें धरातलीय जल लगभग 690 घन कि० मी० है और वार्षिक पुनर्भरणीय भूजल लगभग 452 घन कि० मी० है। वर्तमान उपयोग (धरातलीय एवं भूजल) लगभग 552 घन कि० मी० है (जिसमें 362 घन कि० मी० धरातलीय जल एवं 190 घन कि० मी० भूजल शामिल है) जो कुल वृष्टिपात का 14 प्रतिशत है और उपयोज्य जल का 48 प्रतिशत है।

वाष्पीकरण एवं वनस्पति नुकसानों के कारण तथा नदी जल स्तर बनाए रखने के लिए नदी में जल को कुछ मात्रा बहने देने की वजह से वर्षा के पानी का पूरा उपयोग करना संभव नहीं है। स्थल आकृति, मौसम विज्ञान और जल विज्ञान संबंधी आदि जैसी अन्य बाधाएं भी हैं।

(ग) और (घ) जल संसाधनों की क्षमता, उपयोग, जल विद्युत उत्पादन और बाढ़ नियंत्रण के विकास के लिए गत कुछ पंचवर्षीय योजनाओं में ज्यादा बल दिया गया। इसके परिणामस्वरूप, देश में पूरे हुए बांधों एवं जलाशयों की कुल सक्रिय भण्डारण क्षमता 708 जलाशयों को पूरा करके बढ़कर वर्ष 1989 में लगभग 166 घन कि० मी० हो गई है। इसके अतिरिक्त लगभग 77 घन कि० मी० की अतिरिक्त सक्रिय भण्डारण क्षमता सृजित करने के लिए बांध निर्माण के विभिन्न चरणों में है। इसी प्रकार प्रतिपादनाधीन/विचाराधीन बांध भी लगभग 130 घन कि० मी० की अतिरिक्त सक्रिय भण्डारण क्षमता प्रदान करेंगे। इसके अतिरिक्त, पूर्ण भूजल क्षमता का उपयोग करने के लिए सभी प्रयास किए जा रहे हैं।

Use of Jawahar Lai Nehru Stadium in New Delhi

*526. SHRI SURESH KALMADI: Will the Minister of HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT be pleased to state:

(a) whether Government's attention has been drawn to the news item published in the Pioneer of 14th April, 1995 under the caption "Plight of Stadium, flight of Sports" to the effect that Jawahar Lai Nehru Stadium in New Delhi is being used for purposes other than sports; and

(b) if so, steps Government propose to take to ensure that the stadium is used only for sports purposes?

THE MINISTER OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (SHRI MADHAVRAO SCINDIA): (a) Yes, Sir.

(b) The main objective for which the Jawahar Lai Nehru Stadium was constructed in 1982 is the promotion of Sports. However, the stadium is also allowed to be used for non-sporting purposes without disturbing sports activities, so as to generate more revenues for the Sports Authority of India, which would enable it to meet escalating costs of stadia maintenance and to take up more schemes for sports promotion.